प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. आम चुनाव के चौथे चरण के लिये मतदान के लिये सभी तैयारियां पूरी : ददरौल विधानसभा सीट के उपचुनाव सहित 13 लोकसभा सीटों के लिये कल डाले जायेंगे वोट।
2. लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिय प्रचार अभियान तेज : भाजपा नेता अमित शाह ने रायबरेली में किया प्रचार, अखिलेश यादव ने बाराबंकी में कांग्रेस प्रत्याशी के लिये मांगे वोट।
3. निर्वाचन आयोग ने तीसरे चरण के चुनाव के अंतिम आंकड़े किय जारी : 65 दशमलव छह आठ प्रतिशत लोगों ने किया मताधिकार का प्रयोग।

और

4. उत्तराखंड के चमोली जिले में चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम के कपाट आज से खुले : बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।

—————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के कल के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में प्रदेश की जिन 13 संसदीय सीटों के लिये वोट डाले जायेंगे वे हैं– शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज,

कानपुर, अकबरपुर और बहराइच। इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 130 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस चरण में शाहजहांपुर जिले के ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिये भी मतदान होगा। इन सभी सीटों पर वोटिंग सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगी।

चौथे चरण में कई प्रमुख उम्मीदवारों की राजनैतिक भाग्य का फैसला होगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अखिलेश यादव कन्नौज संसदीय सीट से चुनाव मैदान में हैं। पिछली बार इस सीट से भाजपा के सुब्रत पाठक चुनाव जीते थे। वह इस बार भी भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी समर में हैं। वहीं खीरी संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद और गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी एकबार फिर अपना राजनैतिक भाग्य आजमा रहे हैं।

उन्नाव संसदीय सीट से सच्चिदानन्द साक्षी पुनः भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं, उनके खिलाफ गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनु टंडन चुनाव लड़ रही है। अनु टंडन 2009 में कांग्रेस के टिकट पर यहां से निर्वाचित हो चुकी है।

पिछले संसदीय चुनाव में इन सभी 13 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों ने विजय हासिल की थी।

इस बीच मतदान सम्पन्न कराने के लिये पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य की तरफ रवाना कर दी गई हैं।

स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है।

————————

लोकसभा की 13 सीटों के लिये कल होने वाले मतदान के साथ ही शाहजहांपुर जिले की ददरौल विधानसभा सीट का उपचुनाव भी कराया जा रहा है। यह सीट भाजपा विधायक के निधन के कारण खाली हुई है। एक रिपोर्ट..........

*शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा के उपचुनाव में 13 मई को 438 बूथों पर कुल 373751 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 173436 महिला एवं 200263 पुरुष मतदाता है। यहां भारतीय जनता पार्टी से अरविंद सिंह, समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा एवं बहुजन समाज पार्टी से सर्वेश मिश्र धांधू समेत कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। यह सीट विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद रिक्त हो गई थी और भारतीय जनता पार्टी ने उनके पुत्र अरविंद सिंह को टिकट देकर यहां से लड़ाया है। इस सीट पर सीधा मुकाबला भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच बताया जा रहा है। कौशलेंद्र मिश्र आकाशवाणी समाचार शाहजहांपुर।*

————————

लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिये प्रचार अभियान तेज हो गया है। प्रमुख राजनैतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं और रोड शो कर रहे हैं।

इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रायबरेली में पार्टी

प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह, कौशाम्बी में विनोद सोनकर और गोंडा में कीर्तिवर्धन सिंह के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि एनडीए सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने के साथ–साथ देश की सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बना दिया है। उन्होंने धारा–370 और राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए लोगों से भाजपा को जिताने का आह्वान किया। श्री शाह ने कहा कि गठबंधन में शामिल पार्टियां आरक्षण के बारे म देशवासियों को गुमराह कर वोट हासिल करना चाहती है, लेकिन जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। श्री शाह ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही हासिल किया जा सकता है। इस लक्ष्य के लिये जरूरी है कि भाजपा को प्रचंड बहुमत मिले।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी और सीतापुर के सिधौली में मोहनलालगंज लोकसभा सीट के प्रत्याशी केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के लिये वोट की अपील की। चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश में विकास का नया इतिहास रचा गया है और भारत को दुनिया में नई पहचान और सम्मान मिला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को मिल रहे जन समर्थन से तीसरी बार एनडीए सरकार बनना तय है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बाराबंकी में गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया क समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने लोगों से कहा कि संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिये इंडिया गठबंधन एक मात्र राजनैतिक विकल्प है। यह चुनाव इस उद्‌देश्य को पूरा करने का सुनहरी मौका है। जनसभा को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने भी संबोधित किया।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली के हरचंदपुर क्षेत्र के कठवारा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को विजयी बनाने का आह्‌वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर अपने घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करेगी।घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों सहित सभी वर्गो के हितों की रक्षा और कल्याण का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है, किसान परेशान है। इस चुनाव में जनता मौजूदा सरकार की जन विरोधी नोतियों के खिलाफ वोट देने का मन बना चुकी है।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में रायबरेली सहित राज्य की 14 सीटों पर 20 मई को मतदान होना है। नेहरू–गांधी परिवार का गढ़ मानी जाने वाली इस प्रतिष्ठापूर्ण सीट पर इस बार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट के चुनावी परिदृश्य पर नजर ............

*रायबरेली लोकसभा सीट पर 17 लाख 83 हजार 8 सौ 85 मतदाता 20 मई को 8 प्रत्याशियों के राजनैतिक भाग्य का फैसला करेंगे। 2019 के आम चुनाव में सोनिया गांधी भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को एक लाख 67 हजार 178 मतों से हराकर 5वीं बार जीती थीं। पिछले संसदीय चुनाव में कांग्रेस पार्टी राज्य में सिर्फ एक सीट रायबरेली ही जीत सकी थी। सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद राहुल गांधी के सामने गांधी परिवार के इस अंतिम सियासी किले को बचाने की चुनौती होगी। राहुल गांधी के साथ परिवार की तीसरी पीढ़ी का रायबरेली से राजनीतिक नाता जुड़ रहा है।इससे पहले फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके है।*

*भारतीय जनता पार्टी ने इस सीट से राज्य के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को फिर उम्मीदवार बनाया है। वहीं बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव चुनावी मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन दे रही है। सभी दलों ने इस हाई प्रोफाइल सीट को जीतने के लिये चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। पंकज सिंह, आकाशवाणी समाचार, रायबरेली।*

---------

समाजवादी पार्टी में भदोही से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिंद को मिर्जापुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं पूर्व सांसद छोटे लाल खरवार को रार्बट्सगंज से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा नीत एनडीए ने यह दोनों सीटं अपने सहयोगी अपना दल को दी हैं।

---------

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में हुए मतदान के अंतिम आंकडे जारी कर दिये हैं। तीसरे चरण में कुल पैंसठ दशमलव छह आठ प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें लगभग छाछट दशमलव आठ नौ प्रतिशत पुरुष, चौंसठ दशमलव चार एक प्रतिशत महिलाएं और पच्चीस दशमलव दो प्रतिशत थर्ड जेंडर थे। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनावों के प्रत्येक चरण के बाद मतदान संबंधी आंकडे सार्वजनिक करने की निर्वाचन आयोग के तरीके पर आपत्ति जताई है। आयोग को लिखे पत्र में श्री खरगे ने डाले गए सभी वोटों की संख्या को सार्वजनिक करने का सुझाव दिया है। हांलाकि, निर्वाचन

आयोग मतदान संबंधी अंतिम आंकडे जारी करने में देरी के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों को पहले ही खारिज कर चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में आयोग ने कहा है कि यह आरोप अनुचित, तथ्यहीन हैं और पक्षपातपूर्ण भ्रम फैलाने की कोशिश है। श्री खरगे ने इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग के पहले के मतदान आंकडो में कथित विसंगतियों का जिक्र किया था।

—————————

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह छह बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गये। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही सभी चारों धाम अब श्रद्धालुओं के लिये खोल दिए गए हैं। इससे पहले केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट दस मई को खोले गये थे।

(समाप्त)